अनुक्रमांक ..................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2019
## (बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** बालक के मानसिक विकास के लिए शिक्षक को करना चाहिए- **(1)**

(A) स्नेह और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार (B) सद्धचरण प्रस्तुत करना

(C) उपयुक्त शिक्षण विधि का प्रयोग (D) उपर्युक्त सभी।

**2.** विकास को प्रभावित करने वाले कारक हैं- **(1)**

(A) बुद्धि (B) यौन

(C) अन्तः स्त्रावी ग्रन्थियाँ (D) उपर्युक्त सभी

**3.** टोली की आयु कहते हैं- **(1)**

(A) किशोरावस्था को (B) बाल्यावस्था को

(C) शैशवावस्था को (D) युवावस्था को।

**4.** शिक्षा में सृजनात्मकता का प्रयोग किस रूप में होता है ? **(1)**

(A) सीखना (B) तर्क

(C) चिन्तन (D) कल्पना

**5.** बाल्यावस्था में शिक्षा का क्या स्वरूप होना चाहिए ? **(1)**

(A) खेलकूद की छूट बिल्कुल नहीं दी जानी चाहिए (B) खेलों एवं रचनात्मक कार्यों के माध्यम से शिक्षा दी जानी चाहिए

(C) गुरुकुल प्रणाली द्वारा शिक्षा दी जानी चाहिए (D) पिटाई करने वाले अध्यापक द्वारा शिक्षा दी जानी चाहिए

**6.** "मनुष्य को जो कुछ बनना होता है प्रारम्भ के चार पाँच वर्षों में ही बन जाता है।" कथन है- **(1)**

(A) फ्रॉयड (B) क्रो एण्ड क्रो

(C) हरलॉक (D) थार्नडाइक।

**7.** "जिस प्रकार शारीरिक विकास के लिए भोजन का महत्व है, उसी प्रकार सामाजिक विकास के लिए शिक्षा का।" कथन है- **(1)**

(A) स्किनर (B) ड्यूवी

(C) वुडवर्थ (D) अरस्तू ।

**8.** कल्पना के विकास के लिए शिक्षा में निम्न बातों पर ध्यान देना चाहिए- **(1)**

(A) भाषा विकास पर ध्यान (B) कहानी सुनना

(C) काल्पनिक खेलों एवं क्रियाओं के लिए अवसर (D) उपर्युक्त सभी।

**9.** थार्नडाइक ने दिया- **(1)**

(A) प्रभाव का नियम (B) अभ्यास का नियम

(C) तत्परता का नियम (D) उपर्युक्त सभी।

**10.** प्रेरणा होती है- **(1)**

(A) सकारात्मक (B) नकारात्मक

(C) विकल्प 'अ' और 'ब' दोनों (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**11.** जीन पियाजे द्वारा बालक के संज्ञानात्मक विकास की अवस्थाओं में वर्णन किया गया है- **(1)**

(A) 3 (B) 4

(C) 5 (D) 6

**12.** अधिगम स्थानान्तरण के सिद्धान्त हैं- **(1)**

(A) मानसिक शक्तियों का सिद्धान्त (B) समान तत्वों का सिद्धान्त

(C) सामान्यीकरण का सिद्धान्त (D) उपर्युक्त सभी।

**13.** वह प्रेरक जिन्हें व्यक्ति अपने प्रयासों से प्राप्त करता है, कहलाता है- **(1)**

(A) अर्जित प्रेरक (B) जागृत प्रेरक

(C) निर्देशित प्रेरक (D) व्यवहार को परिचालित प्रेरक

**14.** "स्मृति सीखी हुई वस्तु का सीधा उपयोग है।" यह कथन है- **(1)**

(A) वुडवर्थ का (B) मैक्डूगल का

(C) स्किनर का (D) रॉस का।

**15.** आँकड़ों के प्रकार हैं- **(1)**

(A) अवर्गीकृत (B) वर्गीकृत

(C) अवर्गीकृत व वर्गीकृत (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** बालक के विकास में जो परिवर्तन होते हैं, उनका सम्बन्ध शरीर और मन दोनों से होता है, स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**17.** बाल विकास के सिद्धान्तों का शैक्षिक महत्व बताइए। **(1)**

**18.** शैशवावस्था में शिक्षा का स्वरूप कैसा होना चाहिए? **(1)**

**19.** बाल्यावस्था में मानसिक विकास की दो विशेषताएँ लिखिए। **(1)**

**20.** वैयक्तिक भिन्नता का अर्थ लिखिए। **(1)**

**21.** बालक के विकास में संचार माध्यम से दो लाभ लिखिए। **(1)**

**22.** चिन्तन क्या है? **(1)**

**23.** अधिगम से क्या तात्पर्य है? **(1)**

**24.** बाल विकास में अधिगम की सम्मेलन व विचारगोष्ठी विधि बताइए। **(1)**

**25.** जब एक कुत्ते के सामने पहले घण्टी बजायी जाती है फिर उसके सामने भोजन का टुकड़ा दिया जाता है और कुत्ता लार स्राव करता है, यह प्रक्रिया कई बार होने के बाद प्रयोगकर्ता द्वारा घण्टी बजाने के (बिना भोजन दिये ही) कुत्ते द्वारा लार स्राव करना किसके और कौन-से सिद्धान्त के अन्तर्गत आता है? **(1)**

**26.** सीखने में पठार के दो प्रमुख कारण एवं उन्हें दूर करने के उपाय बताइए **(1)**

**28.** प्रतिद्वन्द्विता (Competition) से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**29.** बालक में विस्मृति कम करने के कोई दो उपाय बताइए। **(1)**

**30.** बुद्धि-लब्धि का सूत्र लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** बाल विकास में अधिगम को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। **(2)**

**32.** जब बालक किशोरावस्था में पैर रखता है तो उसमें धीरे-धीरे परिवर्तन होते हैं। इस सन्धिकाल का शिक्षक तथा अभिभावक के लिए क्या महत्व है? **(2)**

**33.** व्यक्तित्व मापन की प्रक्षेपण विधियों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**34.** प्रयास एवं त्रुटि सिद्धान्त की व्याख्या करते हुए बताइए कि शिक्षा में इसकी क्या उपयोगिता है? **(2)**

**35.** स्किनर के क्रियाप्रसूत अधिगम सिद्धान्त का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**36.** सीखने सिखाने तथा विद्यालयी व्यवस्था के सन्दर्भ में समुदाय के सक्रिय सदस्यों का अभिप्रेरण में योगदान स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**37.** "अन्तर्दृष्टि में पूर्वदृष्टि निहित होती है।" कथन को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**38.** अवधान को प्रभावित करने वाले कारकों को लिखिए **(2)**

**39.** सांख्यिकी के महत्व को संक्षेप में लिखिए। **(2)**

**40.** सामान्य ज्ञान की परीक्षा में 8 विद्यार्थियों को निम्नलिखित अंक प्राप्त हुए। इनका मध्यमान ज्ञात कीजिए- प्राप्तांक : 20, 23, 27, 18, 17, 13, 24, 22 **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/2019

2. बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/

3. बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/bal-vikas-evam-sikhne-ki-prakriya/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN